राष्ट्रीय राजमार्गो की शोचनीय स्थिति

542.**श्री नरेन्द्र मोहन**: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय किन-किन राष्ट्रीय राजमार्गो की दशा बहुत खराब है और उनकी दशा को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या दिशा-निर्देश दिये गये है,और क्या राज्य सरकारों द्वारा इन दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है :

(ख) पिछले तीन वर्षो के दौरान उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य से होकर गुजरने वाले राजमार्गो के रख-रखाव के लिए कितनी धनराशि खर्च की गयी है: और

(ग) क्या उत्तर प्रदेश और बिहार के राजमार्गो के रख-रखाव की लागत अनुदानों से पूरी की जाती है और इस लागत में राज्य सरकारों का भी हिस्सा होता है और क्या इन अनुदानों पर निगरानी रखने के लिए कोई व्यवस्था की गयी है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी.जी.वेंकटरामन): (क) राष्ट्रीय राजमार्गो को उपलब्ध संसाधनों के भीतर यातायात-योग्य स्थिति में रखा जा रहा है।

(ख)पिछले तीन वर्षो के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गो के अनुरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य को आवंटित राशि इस प्रकार है :-

(लाख रू.)

वर्ष	बिहार (लाख रू)	उत्तर प्रदेश
1993-94	1276.45	1710.52
1994-95	1472.53	2065.48
1995-96	1763.95	2529.94

(ग)अनुरक्षण और मरम्मत के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार सहित सभी राज्यों को आबंटन अनुमोदित मानदंडा और निधियों की उपलब्धता के अनुसार किसा जाता है जो आवश्यकता का लगभग 50% होता है। इन निधियों पर नियमित रूप से निगरानी रखी जाती है।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण के लिए आबंटित की गयी धनराशि

543.**श्री मती मालती शर्मा**: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण और विकास के लिए आबंटित की गयी धनराशि का राज्य वार ब्यौरा क्या है :

(ख) उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गो की लम्बाई कितनी है : और

(ग) पिछले तीन वर्षो के दौरान उसके निर्माण और रख-रखाव के लिए खर्च की गयी धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी.जी.वेंकटरामन): (क) एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)।

(ख) 2733 कि.मी.

(ग) पिछले तीन वर्षो के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण और उनके अनुरक्षण के लिए व्यय की गई राशि के वर्षवार ब्यौरे इस प्रकार है :-

वर्ष	विकास	(लाख रू) अनुरक्षण और मरमत
1994-95	6264.00	2065.48
1995-96	7670.00	2529.94
1996-97	7610.00	2793.40

(12/96)